कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा (म0प्र0)

विविध आदेश

क्रमांक...A.........../ रीवा, दिनांक 28/02/2025
दो–15–3/90

01. माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के आदेश क्रमांक 301/गोपनीय/2025/दो–3–1/2025 दिनांक 09.02.2025 के द्वारा श्री देवदत्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश को स्थानांतरित कर जिला राजगढ़ पदस्थ किये जाने कारण कार्यभार मुक्त होने से एवं उनके स्थान पर किसी भी न्यायाधीश की पदस्थापना न होने के कारण व वर्तमान में न्यायालय रिक्त होने तथा श्रीमती अश्विनी सिंह को मुख्यालय रीवा में पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के रिक्त न्यायालय में पदस्थापित किये जाने के कारण सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 24 में प्रदत्त शक्तिओं का प्रयोग करते हुये प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश (रिक्त न्यायालय) की न्यायालय में लंबित समस्त सिविल प्रकरणों को वापस लिया जाकर विधि अनुसार निराकरण हेतु पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा की न्यायालय में अंतरित किये जाते है।

02. कार्यालय आदेश क्रमांक 108/दो–22–29/2024 रीवा दिनांक 13.02.2025 के अनुसार श्रीमती सृष्टी चौरसिया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड रीवा दिनांक 10.02.2025 से 18.08.2025 तक कुल 180 दिवस का मातृत्व अवकाश पर होने तथा माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के आदेश क्रमांक 371/गोपनीय/2025/दो–3–1/2025 दिनांक 18.02.2025 के द्वारा मुख्यालय रीवा में श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा को प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर पदस्थ किये जाने के कारण सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 24 में प्रदत्त शक्तिओं का प्रयोग करते हुये द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड रीवा की न्यायालय में लंबित समस्त सिविल प्रकरणों को वापस लिया जाकर विधि अनुसार निराकरण हेतु श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश की न्यायालय में अंतरित किये जाते है।

sd/-
(राकेश मोहन प्रधान)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
रीवा (म0प्र0)

पृष्ठांकन क्रमांक ....1037...../ रीवा, दिनांक 28/02/2025
दो–15–3/90

प्रतिलिपिः–
1. प्रथम/पंचम, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के न्यायालय के द्वितीय/चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश
2. द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड रीवा।
4. प्रस्तुतकार, प्रधान जिला एव सत्र न्यायाधीश रीवा।
5. जू0सि0ए0/डी.एस.ए., कम्प्यूटर अनुभाग रीवा।

की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
रीवा (म0प्र0)